CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 85 □ रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### छत्तीसगढ़ में अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा

## ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी, अवैध परिवहन रोकने 10 रूट्स पर होंगे ई-चेक गेट

**रायपुर, 19 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में खदानों की निगरानी अब हाईटेक होने जा रही है. प्रदेश में अवैध खनन और ओवर माइनिंग पर लगाम के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जाएगा. प्रमुख खदानों और आसपास ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएंगे. ये कैमरे एरियल सर्वे और 3डी मैपिंग के जरिए खदानों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

ड्रोन से खदानों का ऊपर से लगातार सर्वे किया जाएगा. इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि तय लीज क्षेत्र के भीतर ही खनन हो रहा है या सीमा से बाहर भी खुदाई की जा रही है. समय-समय पर मिलने वाले डेटा की तुलना कर ओवर माइनिंग यानी तय सीमा से अधिक खनिज निकालने की गतिविधियों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा. फिलहाल विभाग शुरुआती चरण में पांच ड्रोन कैमरे तैनात करने जा रहा है. इन्हें सर्विस मोड पर लिया जाएगा और इनके संचालन के लिए विशेषज्ञों की टीम भी तैनात रहेगी. ड्रोन को खासतौर पर रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर इत्यादि जिलों की खदानों में लगाया जाएगा, जहां अवैध खनन की शिकायतें ज्यादा सामने आती रही हैं. इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि दुर्गम इलाकों जैसे जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में भी निगरानी आसान हो जाएगी. यहां फिलहाल पारंपरिक निरीक्षण में समय और संसाधन ज्यादा लगते हैं.



ड्रोन से मिलने वाली हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें और मैपिंग डेटा सीधे विभाग तक पहुंचेगा, जिससे तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी।

खनिज परिवहन को पारदर्शी और नियंत्रित बनाने के लिए 10 प्रमुख परिवहन रूट्स पर ई-चेक गेट सिस्टम लागू करने जा रहा है. यह पूरी तरह डिजिटल एंट्री-एग्जिट सिस्टम होगा. इसमें खदान से निकलने वाले हर ट्रक या वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार होता है. जैसे ही वाहन चेक गेट से गुजरता है, उसकी जानकारी जैसे वाहन नंबर, खनिज का प्रकार, मात्रा और गंतव्य इत्यादि सिस्टम में दर्ज हो जाएगी. इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह है कि ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी खनिज परिवहन पर रोक लगाई जा सकती है. पहले जहां कागजी दस्तावेजों के जरिए हेरफेर की गुंजाइश रहती थी, वहीं अब डेटा सीधे सिस्टम में दर्ज होने से गड़बड़ी पकड़ना आसान हो जाएगा. ई-चेक गेट रियल टाइम ट्रैकिंग की सुविधा भी देता है. अधिकारी किसी भी समय यह देख सकते हैं कि कौन सा वाहन कहां से निकला और कहां तक पहुंचा. इससे अवैध खनिज परिवहन और टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाता है।

### विभाग में अन्य कई प्रावधान

खनिज नियमों में संशोधन कर रेत व गौड़ खनिजों के अवैध उत्खनन पर न्यूनतम 25 हजार रुपए जुर्माना, माइनिंग सर्विलांस सिस्टम और सैटेलाइट मॉनिटरिंग से खदानों की रियल टाइम निगरानी कर कार्रवाई, खनिज परिवहन में ऑनलाइन ट्रांजिट पास अनिवार्य किया गया, जिससे 5 साल में 84.47 करोड़ की वसूली।

***सचिव खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद** ने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सख्त कदम उठाए गए हैं. खदानों की निगरानी और अवैध परिवहन रोकने के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी और ई-गेट चालान सिस्टम शुरू किया जा रहा है।*

### चुनाव से पहले बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## कोलकाता डीसीपी के घर छापा, सोना पप्पू सिंडिकेट केस से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा कदम उठाते हुए कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी) शांतनु सिन्हा बिस्वास के आवास पर छापेमारी की है। ईडी की टीम रविवार सुबह करीब 7 बजे बालीगंज स्थित फर्न रोड पर उनके घर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। जानकारी के अनुसार, डीसीपी बिस्वास पहले कालीघाट पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी रह चुके हैं, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



यह कार्रवाई दक्षिण कोलकाता के बालीगंज क्षेत्र में चल रहे सोना पप्पू सिंडिकेट केस से जुड़ी बताई जा रही है। यह मामला कथित अवैध गतिविधियों और मनी ट्रेल की जांच से संबंधित है। ईडी की टीम ने कुल तीन अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें से दो ठिकाने शंतनु सिन्हा बिस्वास से जुड़े हैं, जबकि एक ठिकाना जॉय कामदार का है। इसी दौरान ईडी ने दक्षिण कोलकाता के बेहाला इलाके में एक कारोबारी छ्जॉय कामदार के आवास पर भी छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, कारोबारी के घर से पहले भी नकदी बरामद हो चुकी है और जांच एजेंसी ने उन्हें पूछताछ के लिए दो बार समन भेजा था, लेकिन वे पेश नहीं हुए।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब राज्य की राजधानी में अवैध निर्माण या सिंडिकेट मामले में शुक्रवार को कई ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। कुछ दिन पहले ही ईडी ने पूर्व राज्य मंत्री पार्थ चटर्जी के शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में भी उनके आवास पर छापेमारी की थी। इसके अलावा, आयकर विभाग ने हाल ही में बहिरा से विधायक और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार देबाशीष कुमार के आवास पर भी छापा मारा था। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटों के साथ निर्णायक जीत हासिल की थी। भाजपा 77 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। आगामी चुनावों में दोनों पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यह चुनाव राज्य की राजनीतिक दिशा तय करेगा।

**सीटें: 294, बहुमत: 148**

**4 मई को नतीजे**

**पहला चरण ( 152 सीटें )**
मतदान- 23 अप्रैल

**दूसरा चरण ( 142 सीटें )**
मतदान- 29 अप्रैल

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'एक्सप्रेसवे मौत का गलियारा ना बने' सड़क हादसों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त नए गाइडलाइन बनाने दिए आदेश

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** देशभर में सड़क हादसों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा कि एक्सप्रेसवे तेज रफ्तार के लिए बने जरूर हैं, लेकिन ये मौत के गलियारे नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों को सख्ती से लागू करें। कोर्ट ने खासतौर पर एक्सप्रेसवे पर होने वाले हादसों पर चिंता जताई और कहा कि वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी हैं।



### कर्नाटक में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत; केरल में शराब झगड़े के बाद युवक की हत्या

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत होने की आशंका है और कई लोग घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना शनिवार को नेशनल हाईवे-50 पर होस्पेट तालुक के दानापुर के पास हुई। पुलिस के अनुसार, हादसा एक छोटे टक्कर से शुरू हुआ, लेकिन देखते ही देखते बड़ा हादसा बन गया। तेज रफ्तार में आ रहा लहसुन से भरा एक ट्रक पहले एक बाइक से टकराया, फिर बस और कार से भिड़ गया और बाद में पलट गया। हादसे के दौरान ट्रक कार के ऊपर गिर गया और उसे करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया। कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक चालक लहसुन लेकर चित्रदुर्ग की ओर जा रहा था और तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ।

## आंगनबाड़ी में घटिया साड़ी वितरण पर बवाल, खादी बोर्ड ने बनाई जांच कमेटी, साढ़े 9 करोड़ की सप्लाई

**रायपुर, 19 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को वितरित साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मामले ने तूल पकड़ने के बाद छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। फिलहाल वर्ष 2025-26 के लिए साड़ी वितरण पर रोक लगा दी गई है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नाराजगी के बाद बोर्ड ने जांच कमेटी बनाई है। हालांकि कमेटी बनाए जाने की बोर्ड की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के करीब एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को यूनिफॉर्म के रूप में कम गुणवत्ता वाली साड़ियां वितरित की गई थीं। साड़ियां मिलने के बाद ही बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आने लगीं। इसके बाद अब खराब साड़ियों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, करीब साढ़े 9 करोड़ रुपये की साड़ियों की सप्लाई खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से की गई थी। बोर्ड द्वारा जारी टेंडर में सूरजपुर जिले के सप्लायर को आपूर्ति का कार्य सौंपा गया था। अनुबंध के तहत लगभग 588 रुपए प्रति साड़ी की दर तय की गई थी। मामले में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी जिला परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खराब गुणवत्ता वाली साड़ियों को तत्काल वापस लेकर नई साड़ियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विवाद सामने आने के बाद विभाग ने सख्ती दिखाते हुए खादी बोर्ड को तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित कर साड़ियों की गुणवत्ता का पुनः परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल साड़ी वितरण रोक दिया गया है और मामले की जांच जारी है।



## बाइक सवार की हाइवा के नीचे आने से मौत, दुर्ग खारुन नदी ब्रिज में हुआ हादसा

**दुर्ग, 19 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** खारुन नदी ब्रिज पर मेंटेनेंस के काम के बाद इसे गुरुवार की रात को खोला गया था, लेकिन दो दिन बाद ही शनिवार दोपहर में खारुन नदी ब्रिज पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। खारुन नदी ब्रिज के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे खारुन नदी ब्रिज पर दुर्ग से रायपुर जाने वाले मार्ग पर हुआ है। एक काले रंग की पल्सर बाइक एमपी65 एमई 8516 ब्रिज पर जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे एक हाईवा ट्रक सीजी04 पीक्यू 8262 ने जोरदार टक्कर मार दी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ड्राइवर तेज रफ्तार में था और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मार्ग को खाली करवाया। पुलिस ने मृतक की जेब की तलाशी ली, जिसमें मिले पहचान पत्र से उसका नाम आरिफ रजा मंसूरी पता चला। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शासकीय वाहन से सुपेला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

## बांकुरा में गरजे पीएम मोदी, कहा- टीएमसी के गुंडों को 4 मई से पहले आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में आज प्रधानमंत्री मोदी राज्य के बांकुरा में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य की सत्ताधारी दल टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी की 'निर्मम सरकार' के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2029 में महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक पारित होने से रोकने के लिए टीएमसी ने कांग्रेस के साथ साजिश रची, उन्हें कांग्रेस द्वारा दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस दोनों आदिवासी विरोधी हैं, और राष्ट्रपति चुनाव के दौरान द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उम्मीदवार खड़े किए थे। टीएमसी, जो घुसपैठियों को फायदा पहुंचाने के लिए हर कानून तोड़ती है और धर्म के आधार पर आरक्षण देती है, महिला सशक्तिकरण का विरोध करती है। टीएमसी कुर्मी समुदाय की शिकायतों को नहीं सुनती, बल्कि अपने वोट बैंक को आरक्षण देना चाहती है। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मैं टीएमसी के गुंडों को चुनाव से पहले पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका देता हूं, क्योंकि 4 मई को परिणाम आने के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि इस साल के बंगाल चुनाव ऐतिहासिक होंगे क्योंकि जनता टीएमसी के भय को खत्म करेगी और भाजपा के भरोसे को जनादेश देगी। बांकुरा में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह पीएमएवाई के तहत महिलाओं को घर बनाने के लिए 1.5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी।



## होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से बढ़े युद्ध के आसार! ईरान बोला- हालात कभी भी बिगड़ सकते है, सेना पूरी तरह तैयार

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** ईरान ने अमेरिका पर भरोसा न होने की बात कही है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका जताई है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि हालात किसी भी समय बिगड़ सकते हैं, इसलिए देश की सेना पूरी तरह सतर्क और तैयार है। गालिबाफ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ईरानी जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने से रोका गया, तो किसी भी अन्य देश के जहाजों को भी इस मार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।




उन्होंने अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर लगाए गए प्रतिबंधों को गलत और गैर-जिम्मेदाराना कदम बताया और कहा कि इससे क्षेत्रीय तनाव और अधिक बढ़ रहा है। ईरान ने कहा है कि उसे अमेरिका पर भरोसा नहीं हैं। संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा कि हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। इसी वजह से सेना पूरी तरह तैयार है। शनिवार रात दिए बयान में गालिबाफ ने कहा कि अगर ईरान के जहाज होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजर पाए, तो किसी और देश के जहाजों को भी वहां से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने अमेरिका की ईरानी बंदरगाहों पर लगाई गई नाकेबंदी को गलत और लापरवाह फैसला बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहा है। गालिबाफ ने चेतावनी दी कि होर्मुज में माइन-क्लियरिंग जैसी किसी भी कार्रवाई को सीजफायर का उल्लंघन माना जाएगा और इसका जवाब दिया जाएगा। इससे पहले ईरान ने जहाजों को फीस और अनुमति के साथ गुजरने की इजाजत दी थी, लेकिन अब उसने सख्त रुख अपनाते हुए इसे पूरी तरह बंद कर दिया है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए विपक्ष की नई तैयारी; कांग्रेस-टीएमसी, सपा और डीएमके साथ

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** भारत में चुनावी व्यवस्था से जुड़ा बड़ा राजनीतिक विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए नया प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी पार्टियों के नेता इस मुद्दे पर एक साथ बातचीत कर रहे हैं और नई नोटिस तैयार की जा रही है। इस पहल में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और डीएमके समेत कई दलों के कम से कम पांच वरिष्ठ सांसद शामिल बताए जा रहे हैं।



विपक्ष का लक्ष्य इस बार ज्यादा समर्थन जुटाने का है और करीब 200 सांसदों के हस्ताक्षर हासिल करने की कोशिश हो रही है, ताकि मजबूत दबाव बनाया जा सके। विपक्ष का कहना है कि इससे पहले भी जो नोटिस दिए गए थे, उन्हें खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब वे इस मुद्दे को और मजबूती से उठाना चाहते हैं। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और कई फैसले पक्षपातपूर्ण दिखाई देते हैं। मामले में विपक्ष ने पहले भी आरोप लगाए थे कि चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया और कामकाज में पारदर्शिता की कमी है और कई फैसले सरकार के प्रभाव में लिए गए हैं। इसके साथ ही विशेष मतदाता सूची सुधार (एसआईआर) जैसी प्रक्रियाओं को लेकर भी सवाल उठाए गए थे, जिससे मतदाता अधिकार प्रभावित होने की बात कही गई थी। हालांकि संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों ने पहले इन नोटिसों को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि संविधान के अनुसार किसी भी अधिकारी को हटाने के लिए गंभीर कदाचार का ठोस सबूत जरूरी होता है। केवल राजनीतिक असहमति या प्रशासनिक फैसलों पर मतभेद के आधार पर हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती।

## रायपुर-दुर्ग समेत पूरा मध्य छत्तीसगढ़ भट्टी जैसा तपा: राजनांदगांव में पारा 45 पार

**रायपुर, 19 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों में सूरज अब आग उगलने लगा है। शनिवार को राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के लोगों को इस भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। बता दें कि राजधानी रायपुर और आसपास के जिलों में अब सिर्फ दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी बेचैन करने लगी हैं। शहरी इलाकों में कंक्रीट के जंगलों की वजह से गर्मी का असर दोगुना महसूस हो रहा है। रायपुर और दुर्ग में पारा 43 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक ज्यादा दर्ज किया गया है, जिसका मतलब है कि रात के वक्त भी ठंडी हवाओं का नामोनिशान नहीं है।



मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक, हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवाती परिसंचरण और अलग-अलग द्रोणिकाओं के असर से मौसम शुष्क बना हुआ है। दरअसल, उत्तर-दक्षिण द्रोणिका उत्तर प्रदेश से लेकर मन्नार की खाड़ी तक फैली है। साथ ही महाराष्ट्र और तेलंगाना के ऊपर बने एक प्रति-चक्रवात की वजह से गर्म हवाएं सीधे छत्तीसगढ़ के मैदानी हिस्सों में पहुंच रही हैं। इसी वजह से तापमान में गिरावट नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि अगले 48 घंटों तक मौसम ऐसा ही शुष्क बना रहेगा, लेकिन इसके बाद कुछ राहत की उम्मीद है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि दो दिनों के बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हो सकती है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। बस्तर संभाग के जिलों में आज से तापमान में मामूली गिरावट शुरू हो सकती है, जिससे वहां के लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी।

***मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश का मध्य हिस्सा पूरी तरह गर्मी की चपेट में है। आज भी इन इलाकों में लू चलने की संभावना है***

**रायपुर और दुर्ग:** यहां आज रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक जा सकता है।

**राजनांदगांव:** शनिवार को 45 डिग्री के साथ यह सबसे गर्म रहा, आज भी हालात वैसे ही रहेंगे।

**बिलासपुर:** यहां भी पारा चढ़ने से दोपहर में सड़कें सूनी नजर आ रही हैं।

**अंबिकापुर:** राहत की बात सिर्फ उत्तर छत्तीसगढ़ में है, जहां न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री दर्ज किया गया।

CMYK